आदर्श प्रश्न पत्र–2019
कक्षा–12
समाजशास्त्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या–11 से 18 अति लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या–19 से 24 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनकी शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रश्न संख्या–25 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 150 शब्दों में देना है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1– 'कल्चरल सोशियोलॉजी' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? 1

(i) मैकाइवर एवं पेज (ii) गिलिन एवं गिलिन

(iii) सोरोकिन (iv) कार्ल मार्क्स।

2– "धर्म जनता के लिए अफीम है" किसने कहा? 1

(i) मैक्स मूलर (ii) एडवर्ड टायलर

(iii) कार्ल मार्क्स (iv) इमाईल दुर्खीम

3– 'संस्कृतिकरण' की अवधारणा किसने विकसित की? 1

(i) राधा कमल मुखर्जी (ii) एम0एन0 श्रीनिवास

(iii) ए0आर0 देसाई (iv) आगबर्न निमकाफ।

4— भारत में 'राष्ट्रीय वन नीति' कब लागू की गयी? 1

(i) 1951 में (ii) 1952 में

(iii) 1953 में (iv) 1954 में

5— भारत में बेरोजगारी के लिए उत्तरदायी है/हैं? 1

(i) अशिक्षा (ii) जनाधिक्य

(iii) निर्धनता (iv) इनमें से सभी

6— स्वतंत्र भारत में 'प्रथम कारखाना अधिनियम' कब बना? 1

(i) 1948 (ii) 1949

(iii) 1950 (iv) 1951

7— 'प्रत्यक्षवाद' के जनक कौन हैं? 1

(i) सोरोकिन (ii) अगस्त काम्ट

(iii) मैक्स वेबर (iv) हर्बर्ट स्पेंसर

8— किसने कहा कि "अपराधी जन्मजात होते हैं"? 1

(i) लाम्ब्रोसो (ii) सदरलैण्ड

(iii) टाल्कट पारसंस (iv) वार्ड

9— 'पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम' किस वर्ष पारित हुआ? 1

(i) 1982 (ii) 1983

(iii) 1986 (iv) 1984

10— 'सांस्कृतिक विलम्बना' की अवधारणा किसने दिया? 1

(i) ए0आर0 देसाई (ii) आगबर्न् निमकाफ

(iii) विलफ्रेडो परेटो (iv) जार्ज सिम्मेल

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11– महिला उत्पीड़न के कुछ प्रमुख कारण लिखिए। 3

12– सामाजिक वानिकी के दो लाभ बताइए। 3

13– सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन में अन्तर लिखिए 3

14– भारत में निर्धनता के दो कारण लिखिए। 3

15– प्राथमिक एवं द्वितीयक समूह में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

16– पंचायत व्यवस्था के दो उद्देश्य लिखिए। 3

17– अनुसूचित जातियों की दो समस्याएँ बताइए। 3

18– सामाजिक परिवर्तन के चक्रीय सिद्धान्त के प्रतिपादकों के नाम लिखिए। 3

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

19– अपराध तथा बाल अपराध में अंतर स्पष्ट कीजिए। 6

20– अनुसूचित जनजातियों के राष्ट्रीय जीवन में योगदान पर प्रकाश डालिए। 6

21– भारतीय समाज में धर्म के महत्त्व का वर्णन कीजिए। 6

22– आपदा प्रबन्धन से आप क्या समझते हैं? राहत एवं पुनर्वास पर प्रकाश डालिए। 6

23– समाजकल्याण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 6

24– औद्योगीकरण के किन्हीं चार दुष्प्रभावों का वर्णन कीजिए। 6

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25– प्रदूषण किसे कहते हैं? इसके प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

भारत में शिक्षित युवा बेरोजगारी पर निबन्ध लिखिए। 10

26– भारत के विकास में 'महिला उद्यमिता' की भूमिका की विवेचना कीजिए। 10

अथवा

सामाजिक नियंत्रण किसे कहते हैं? औपचारिक तथा अनौपचारिक सामाजिक नियंत्रण में अंतर स्पष्ट कीजिए। 10

27– साइबर अपराध क्या है? समस्या एवं समाधान बताइए। 10

अथवा

मनरेगा का पूरा नाम लिखिए तथा इसका सामाजिक उत्थान में महत्व स्पष्ट कीजिए। 2+8

———–––